राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## आदिवासी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत आए युवाओं से राज्यपाल ने की मुलाकात

## संवैधानिक अधिकारों के साथ कर्तव्य पालन के लिए भी प्रतिबद्ध रहें युवा– राज्यपाल

जयपुर, 24 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि संविधान ने हमें अधिकार दिए हैं, तो कर्तव्य भी बताए हैं, युवाओं में इस भाव का बोध कराना बहुत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे संवैधानिक अधिकारों के साथ कर्तव्य पालन के लिए भी प्रतिबद्ध रहें।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को राजभवन में नेहरू युवा केन्द्र, जयपुर के आदिवासी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर से आए युवाओं से मुलाकात करते हुए यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति एवं साहस के पुंज होते हैं, वे देश के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। गांवों में युवा मंडलों का नेटवर्क स्थापित करके नेहरू युवा केन्द्र संगठन इसी शक्ति को सही दिशा दे रहा है।

राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए आदिवासी समुदाय में पारम्परिक रूप से किए जाने वाले कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए अपनी–अपनी विशिष्ट परम्पराएं चली आ रही हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत इन परम्पराओं के संरक्षण का कार्य होना चाहिए। उन्होंने आदिवासी युवाओं की नैसर्गिक प्रतिभाओं के विकास हेतु उचित अवसर उपलब्ध कराए जाने पर भी बल दिया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आदिवासी युवा आदान–प्रदान आवासीय शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों में दूर–दराज के ग्रामीण अंचल के युवाओं को देश की विविधता को समझने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि जीवन व्यवहार की सीख के साथ– साथ विभिन्न सृजनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपने व्यक्तित्व और कौशल विकास का अवसर भी इन आयोजनों में मिलता है।

गिरिडीह, गढ़ चिरोली, दंतेवाड़ा से आए आदिवासी युवक – युवतियों ने इस अवसर पर लोक नृत्य प्रस्तुत किए। कुछ युवाओं ने राज्यपाल के समक्ष राजस्थान यात्रा के अपने अनुभव भी साझा किए।

नेहरू युवा केन्द्र संगठन के राज्य निदेशक श्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया ने आदिवासी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत शिविर आयोजन के उद्देश्यों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल सहित नेहरू युवा केन्द्र संगठन के पदाधिकारी और युवा उपस्थित रहे।

––––––